

# आशा कार्यकर्ताओं ने सीएमएचओ कार्यालय का किया घेराव

## पांच महीने से वेतन न मिलने से हैं नाराज, दी हड़ताल पर जाने की चेतावनी



**नवभारत न्यूज**
**सतना, 13 जनवरी. पिछले 5 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं होने से नाराज आशा कार्यकर्ताओं ने मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का घेराव किया. इस दौरान प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन व नारेबाजी की गई. सीएमएचओ ने 15 दिनों में समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया है.**

आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार काम करने के बावजूद उन्हें पांच महीने से वेतन नहीं दिया गया है, जिससे रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इसी कड़ी में आशा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी कोई छोटी सी भी लापरवाही सामने आती है तो हम पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होने लगती है, लेकिन जब वेतन की बात आती है तो उसके लिए कोई भी सक्षम अधिकारी सामने नहीं आता है. हम आशा कार्यकर्ता लोगों के घर-घर जाकर विभिन्न प्रकार के कार्यों को पूरा करते हैं, लेकिन हमें वेतन नहीं मिलेगा तो हम अपने घर का खर्चा कैसे चलाएंगे. हमारे बच्चों की स्कूल की फीस सहित अन्य सुविधाएं बाधित हो चुकी है. शासन प्रशासन हमें हमारा वेतन दिलवा दे. वरना हम लोग काम बंद करके हड़ताल पर जाएंगे.

### सीएमएचओ ने दिया आश्वासन

इस मामले पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला ने कहा कि मंगलवार को आशा कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन सौंपा है. जिसमें उनका मानदेय काफी समय से लंबित है. कुछ लोगों को 2 महीने से लेकर 5 महीने तक का वेतन भुगतान लंबित है. आशा कार्यकर्ता एवं आशा सुपरवाइजर का भी मानदेय लंबित है। उन्होंने आगे बताया कि पूर्व में वेतन की जो व्यवस्था थी वो ई-वित्त के माध्यम से ब्लाकों से बीएमओ लेवल पर होती थी. उस समय कुछ बजट की समस्या थी. जिससे ब्लॉकों से पेमेंट पेंडिंग थे. आशा कार्यकर्ता छोटे कर्मचारी हैं और उन्हें समय से मानदेय नहीं मिलने पर परेशानी हो जाती है. उनकी पीड़ा हम समझ सकते हैं. करीब 15 दिनों की प्रक्रिया के बाद सभी का भुगतान किया जाएगा. कोई भी आशा काम बंद न करें. हम इसका प्रयास करेंगे.

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के नाम पर हुई ठगी

## महिला बाल विकास अधिकारी बनकर लिंक भेजा, खातों से उड़े हजारों रुपए

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 13 जनवरी. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों को निशाना बनाकर साइबर ठग सक्रिय हो गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग का अधिकारी बनकर फोन करने और लिंक भेजकर खातों से हजारों रुपए उड़ाए जा रहे हैं। जिले में दो दिन के भीतर ऐसे दो मामले सामने आए हैं, जिनकी शिकायत साइबर सेल में दर्ज कराई गई है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले मामले में, ठग ने खुद को महिला एवं बाल विकास विभाग का कर्मचारी %प्रेम नारायण यादव% बताकर शिवम साहू को फोन किया। ठग ने बताया कि संबल कार्ड में बैंक अकाउंट अपडेट नहीं है, जिस कारण पीएम मातृ वंदना योजना की राशि खाते में नहीं आ रही है। इसके लिए दूसरा खाता नंबर देने को कहा गया। बातचीत के दौरान शिवम ने अपने भाई का बैंक अकाउंट नंबर दिया। इसके बाद फोन-पे पर एक लिंक का अलर्ट आया और ओटीपी शेयर करते ही खाते से चार किश्तों में कुल 28 हजार रुपए निकाल लिए गए। पहली बार 10 हजार, फिर 5-5 हजार और अंत में 8 हजार रुपए की निकासी हुई। वहीं दूसरा मामला रविवार का बताया गया जिसमें बंटी साहू नामक हितग्राही के खाते से 10 हजार रुपए निकाल लिए गए। दोनों मामलों में यह बात सामने आई कि ठगों ने संबल कार्डधारी पीएम मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों को ही निशाना बनाया। एक मामले में हाल ही में डिलीवरी हुई थी, जबकि दूसरे में चार वर्ष पहले डिलीवरी का मामला था।

### सावधान रहने की आवश्यकता

महिला बाल विकास अधिकारी राजीव सिंह ने स्पष्ट किया कि विभाग में प्रेम नारायण यादव नाम का कोई कर्मचारी नहीं है और योजना की राशि भारत सरकार स्वयं सीधे खाते में भेजती है। किसी भी तरह के फोन या लिंक से सावधान रहने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को आर्थिक सहायता दी जाती है। पहले बच्चे के लिए 5 हजार रुपए और दूसरे बच्चे (बालिका होने पर) 6 हजार रुपए तक की राशि सीधे बैंक खाते में किश्तों में भेजी जाती है। यह राशि पंजीकरण, प्रसव पूर्व जांच, प्रसव और टीकाकरण के बाद मिलती है।

# चाइनीज मांझे को लेकर पुलिस ने की छापेमारी

## युवक के घायल होने के बाद शुरु हुई सक्रियता

**नवभारत न्यूज**
**सतना 13 जनवरी. मकर संक्रांति के अवसर पर होने वाली पतंगबाजी के दौरान चाइनीज मांझे की ब्रिकी पर प्रतिबंध लगाने का आदेश एसडीएम द्वारा पहले ही जारी कर दिया गया था. लेकिन इसके बावजूद भी चाइनीज मांझे से एक युवक के घायल हो जाने की घटना सामने आ गई. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा छापेमारी करते हुए चाइनीज मांझे को जब्त किया जाने लगा.**

नायलॉन, प्लास्टिक, सहित अन्य सिंथेटिक सामग्री से बने और कांच-धातु चूर्ण से लेप किए गए चाइनीज मांझे से होने वाली जनहानि को देखते हुए एसडीएम सिटी राहुल सिलाड़िया द्वारा 3 दिन पहले ही आदेश जारी करते हुए चाइनजी मांझे की बिक्री अथवा भण्डारण पर प्रतिबंध लगा दिया गया था. लेकिन मकर संक्रांति का त्योहार नजदीक आते ही एक ओर जहां पंतग और मांझे की ब्रिक्री ने जोर पकड़ लिया वहीं दूसरी को प्रतिबंध से संबंधित आदेश को दरकिनार करते हुए चाइनीज मांझे की ब्रिकी भी की जाने लगी. प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम शहर में एक युवक के चाइनीज मांझे से घायल होने की घटना सामने आ गई. बतायय गया कि युवक का गला चाइनीज मांझे की चपेट में आने के कारण आंशिक तौर पर कट गया. यह तो गनीमत रही कि चाइनीज मांझे का असर युवक के गले के ऊपरी हिस्से तक ही सीमित रहा. अन्यथा उसकी जान जाने की नौबत भी आ सकती थी. लेकिन इस घटना के सामने आने के बाद देर शाम पुलिस हरकत में आ गई और शहर में दुकानदारों की जांच की जाने लगी.



### शहर की सात दुकानों में हुई जांच

नगर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार देर शाम शहर में 7 दुकानों की जांच की गई. जिसमें से एक दुकान स्टेशन रोड स्थित गुरुनानक ट्रेडर्स में चाइनीज मांझा पाया गया. लिहाजा उसे जब्त कर लिया गया. इसी कड़ी में शहर के सभी क्षेत्र में स्थित पतंग और मांझे की दुकानों की जांच शुरु कर दी गई.

# सतना-चित्रकूट राज्यमार्ग पर बस पलटी, दर्जन भर घायल

## चार घायलों का जिला चिकित्सालय में उपचार जारी, पुलिस ने चालक पर दर्ज किया प्रकरण

**नवभारत न्यूज**
**सतना 13 जनवरी. एक ओर जहां मकर संक्रांति के पर्व पर धर्म नगरी में स्नान-दान करने के लिए श्रद्धालुओं का जमघट लगना शुरु हो गया वहीं दूसरी ओर सतना से चित्रकूट की ओर जा रही एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण यात्रियों के बीच दहशत फैल गई. बस पलटने के कारण दर्जन भर यात्री घायल हो गए. जिनमें से 4 लोगों को सिर में चोट आने के कारण जिला चिकित्सालय सतना के लिए रेफर कर दिया गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार यात्रियों से भरी नफीस बस सर्विस की बस मंगलवार की दोपहर सतना से चित्रकूट की ओर रवाना हुई. बताया गया कि यात्री बस जैसे ही मझगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत चितहरा मोड़ के निकट हजार पुल के पास पहुंची वैसे ही अचानक अनियंत्रित होते हुए पलट गई. बस पलटते ही यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई.



घटना होती देख आस पास मौजूद लोग भागकर वहां पहुंचे. आनन-फानन में पुलिस को सूचना दिए जाने के साथ ही स्थानीय रहवासियों द्वारा यात्रियों को बस से बाहर निकाला गया. वहीं कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल यात्रियों को उपचार के लिए मझगवां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया. जहां पर दर्जन घायलों को भर्ती कर ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. धनंजय सिंह और डॉ. दिवाकर सिंह द्वारा स्टॉफ के सहयोग से उपचार शुरु किया गया. हाथ-पैर व सिर में चोट लगने की वजह से वेद प्रकाया पटेल 34, बालेंद्र 28, गीता पटेल 35 और विजय शिवहरे 36 को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय सतना के लिए रेफर कर दिया गया. जबकि जसविंदर सिंह 32, नीतू शिवहरे 28, प्रिया ओझा 29, मनसीरत 34, अंजू 35, सुंदरी 21 और जसविंदर कौर 35 सहित अन्य घायलों का उपचार सीएचसी में ही किया गया. यात्रियों के अनुसार बस की गति काफी तेज थी. वहीं सड़क पर गड्ढे से बचने के लिए चालक ने अचानक ही स्टेयरिंग मोड़ दी. जिसके चलते देखते ही देखते बस अनियंत्रित होकर पलट गई. यह



जानकारी सामने आने पर पुलिस द्वारा बस चालक के विरुद्ध लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर लिया गया व विवेचना की जा रही है.

### सहारा बने थाना प्रभारी

दो बोरी गेहूं सहित ग्रहस्थी का अन्य सामान लेकर सतना से चित्रकूट की ओर जाने के लिए निकली एक अधेड़ महिला के सामने उस वक्त गंभीर समस्या खड़ी हो गई जब बीच रास्ते में ही बस पलट गई. हलांकि बस दुर्घटना में अधेड़ महिला को मामूली चोट ही आई थी, लेकिन मौजूद संकट से निकलकर घर पहुंचने का कोई चारा उन्हें नजर नहीं आ रहा था. इसी दौरान जब महिला के परिजनों का फोन आया तो वे फूट-फूट कर रोने लगीं. जिसे सुनकर मझगवां थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे वहां पहुंचे और महिला को सहारा देते हुए सांत्वना दी. समस्या को सुनने-समझने के बाद थाना प्रभारी द्वारा महिला को सामान सहित उनके घर पहुंचाने की व्यवस्था की गई.

## नगर निगम सम्पत्तिकर वृद्धि पर पुनर्विचार करे

**सतना, 13 जनवरी.** श्री भ्रगु (भार्गव) ब्राह्मण समाज सतना के जिलाध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा ने नगर निगम के द्वारा सम्पत्तिकर बढ़ाने के प्रस्ताव पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि वैसे ही शहर के हालात से जनता परेशान है, वैसे मे आगामी वित्तीय वर्ष मे हाऊस टैक्स बढाना सही नही है। नगर निगम जनहित के कार्य करने के लिए बनी संस्था है जिससे नागरिको को सहूलियत की अपेक्षा अधिक रहती है, उस पर भारी-भरकम टैक्स थोपना दुर्भाग्यपूर्ण ही नही निंदनीय है।

# रीवा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ाये गये

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 13 जनवरी। यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से रीवा-सीएसएमटी-रीवा संचालित होने वाली साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन के फेरे दोनों दिशाओं में 07.07 ट्रिप बढाये गये है।**

अब यह स्पेशल ट्रेन रीवा से प्रत्येक गुरूवार 26 फरवरी तक तथा छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस सीएसएमटी से प्रत्येक शुक्रवार 27 फरवरीए तक चलेगी ।गाड़ी संख्या 02187 रीवा.सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरूवार रीवा से दोपहर 15. 50 बजे प्रस्थान कर और दूसरे दिन शुक्रवार दोपहर 12.20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुँचेगी।

इसी प्रकारवापसी में गाड़ी संख्या 02188 सीएसएमटी.रीवा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से दोपहर 13.30 बजे प्रस्थान कर और दूसरे दिन शनिवार सुबह 09. 45 बजे रीवा पहुँचेगी ।ठहराव स्टेशन. सतनाए मैहर कटनी जबलपुर नरसिंहपुर गाडरवारा पिपरिया इटारसी हरदा खंडवा भुसावल मनमाड नासिक इगतपुरी कल्याण दादर । कोच संरचना 1 वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी ए वातानुकूलित टू टियर 4 वातानुकूलित.श्री टियर 12 शयनयान श्रेणी 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी 2 द्वितीय श्रेणी.सह.गार्ड की ब्रेक वैन सहित कुल 24 कोच। यात्री इस सुविधा का लाभ उठाएं और इस स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी के लिए लिंक पर जाएं या एनटीईएस ऐप से प्राप्त कर सकते है।

# ननि को मिली 12 नई ईवी . कचरा संग्रहण गाड़ियां

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 13 जनवरी. नगर निगम द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई।**

नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने हेतु 12 नई ई.वी. (इलेक्ट्रिक व्हीकल) कचरा संग्रहण गाड़ियों को राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी एवं महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। नई ई.वी. गाड़ियाँ पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्रदूषण-मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी।



## निगरानी समिति की बैठक 16 को

**सतना 13 जनवरी.** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में 16 जनवरी 2026 को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे आयोजित की गई है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारियो को बैठक मे उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।

## श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर श्रीमद्भागवत कथा 16 से

**सतना, 13 जनवरी.** प्रेमविहार कालोनी स्थित श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर सार्वजनिक श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ 16 जनवरी से आयोजित है। कथा वाचक गर्गाचार्य आशीष जी महाराज होंगे। शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ होगी।

# युवा वैज्ञानिकों का अहम शोध, भू-चुंबकीय तूफानों के कारणों का खुलासा

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 13 जनवरी. सूर्य से निकलने वाली ऊर्जा और आवेशित कण न केवल अंतरिक्ष बल्कि पृथ्वी के तकनीकी ढांचे और आम जनजीवन को भी सीधे प्रभावित करते हैं।** देश के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल ए.के.एस. विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के वैज्ञानिकों ने सौर चक्र-23 के दौरान आए अत्यंत तीव्र भू-चुंबकीय तूफानों को लेकर एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक अध्ययन किया है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिल रही है।



शोध में यह स्पष्ट किया गया है कि सौर चक्र-23 के दौरान पृथ्वी पर आए विनाशकारी भू-चुंबकीय तूफानों के पीछे कौन-से अंतरग्रहीय कारक सबसे अधिक जिम्मेदार रहे। इस अध्ययन का नेतृत्व डॉ. साकेत कुमार ने किया। शोध दल में स्वप्निल गर्ग, पलक सिंह ठाकुर, डॉ. ओ. पी. त्रिपाठी तथा अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन से संबद्ध वैज्ञानिक डॉ. श्रीश लता सोनी शामिल रहीं।

# मातृ शक्ति ने नगर में निकाली भव्य कलश यात्रा

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 13 जनवरी. मातृ शक्ति ने मंगलवार को सुभाष चौक से एक भव्य कलश यात्रा निकाली। यह कलश यात्रा संघ कार्य के शताब्दी वर्ष में आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन के पूर्व वातावरण बनाने के दृष्टिकोण से निकाली गई।**

यह यात्रा सुभाष पार्क रामदरबार से शुरू होकर गांधी चौक, हनुमान चौक, फूलचंद भजियावाला चौक, लालता चौक और नव दुर्गा चौक से होते हुए सुभाष पार्क में भारत माता की आरती के साथ संपन्न हुई। यात्रा के दौरान उपस्थित जन समूह ने जय श्री राम, वन्दे मातरम् और भारत माता के जयकारे लगाए। उपस्थित मातृ शक्तियों द्वारा समस्त नगरवासियों का आवाहन किया गया कि वे अपने अपने क्षेत्र में होने वाले हिंदू सम्मेलनों में बढ़ चढ़कर सहभाग करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विमला पाण्डेय, ममता पाण्डेय, अर्चना सिंह, रेखा गुप्ता, वंदना सिंह, जान्हवी त्रिपाठी, संध्या उरमलिया, प्रियांशा उरमलिया, साधना सिंह, श्रद्धा सिंह, नीता सोनी, अनुजा सिंह, वंदना सिंह, वसुंधरा सिंह, नीलम कुशवाहा, श्रुति शर्मा, पूनम मिश्रा, उमा पाण्डेय, विदोत्मा, विमला सैनी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं।



